*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का रोठा में उदघाटन

## महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि का आयोजन

### समाज से संवाद करने शिविरों की आवश्यकता - कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र

वर्धा, 7 मार्च 2018: राष्ट्रीय सेवा योजना समाज से संवाद करने का तथा अपने व्यक्तित्व को



निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम है। अपने आसपास के परिसर को जानना, समझना तथा उसके विकास में भागिदार बनने का एक अवसर राष्ट्रीय सेवा योजना उपलब्ध कराती है। उक्त विचार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने रखे। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर का उदघाटन बुधवार, 7 मार्च को रोठा गांव में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में




किया गया। इस अवसर पर प्रो. मिश्र बोल रहे थे। कार्यक्रम में मंच पर विद्यार्थी कल्याण




अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे, रोठा ग्राम पंचायत के सरपंच उमेश सराटे, उपसरपंच मनोज गावंडे, उच्च प्राथमिक शाला की मुख्याध्यापक

मेघे, रोठा ग्राम पंचायत की सदस्य श्रीमती शोभा शंभरकर, आशीष कोल्हे, वनिताबाई इवनाते मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम




अधिकारी बी. एस. मिरगे ने किया एवं आभार ज्ञापन सहायक प्रोफेसर राजेश लेहकपुरे ने



प्रस्तुत किया। उदघाटन समारोह में रोठा गांव के नागरिक, उच्च प्राथमिक शाला के विद्यार्थी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने फीता काटकर शिविर का उदघाटन किया । सात दिवसीय शिविर में विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक कार्यक्रमों के साथ-साथ लोक जागरुकता के उपक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय ने संबोधित किया । उन्होंने कहा कि समाज और देश के प्रति उत्तरदायित्व का भाव राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के मन में पैदा करने के लिए इस प्रकार के शिविरों का आयोजन विद्यार्थियों को एक नई दिशा प्रदान करता है। अपना और अपने आसपास के लोगों का विकास करने की दिशा में क्या क्या कदम उठाएं जा सकते है, इसकी सीख राष्ट्रीय सेवा योजना देती है। उन्होंने शिविर में शामिल सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की सफलता हेतु राजदीप राठौर, अश्विन श्रीवास तथा रोठा ग्राम पंचायत के श्री नगराले आदि ने सहयोग प्रदान किया।

-------------------------------------------------------------------------------------------

**राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का रोठा में उदघाटन**

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि का आयोजन**

**समाजाशी संवाद करण्यासाठी शिबिरांची गरज - कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र**

वर्धा, 7 मार्च 2018: राष्ट्रीय सेवा योजना समाजाशी संवाद करणे तसेच आपला व्यक्तिमत्व घडविण्यासाठी महत्वाचे माध्यम होय. आपल्या आसपासच्या परिसराची ओळख करणे, लोकांच्या समस्या जाणून घेणे आणि त्याच्या विकासासाठी काम करण्यासाठी राष्ट्रीय सेवा योजना प्रेरणा देते। असे उदगार महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचे कुलगुरू प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांनी काढले. महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील राष्ट्रीय सेवा योजनेच्या वतीने रोठा येथे 7 से 13 मार्च असे सात दिवस विशेष शिविर आयोजित करण्यात आले. शिबिराचे उदघाटन बुधवार, 7 मार्च रोजी रोठा येथील राणुमाता मंदिराच्या प्रांगणात करण्यात आले. त्यावेळी प्रो. मिश्र बोलत होते. फित कापून त्यांच्या हस्ते शिबिराचे उदघाटन करण्यात आले. यावेळी मंचावर विश्वविद्यालयातील विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय, राष्ट्रीय सेवा योजनेचे संयोजक राजेश लेहकपुरे, रोठा ग्राम पंचायतीचे सरपंच उमेश सराटे, उपसरपंच मनोज गावंडे, उच्च प्राथमिक शाळेच्या मुख्याध्यापिका श्रीमती मेघे, रोठा ग्राम पंचायतीच्या सदस्य श्रीमती शोभा शंभरकर, आशीष कोल्हे, वनिताबाई इवनाते उपस्थित होत्या.

कार्यक्रमाचे संचालन जनसंपर्क अधिकारी तथा राष्ट्रीय सेवा योजनेचे कार्यक्रम अधिकारी बी. एस. मिरगे यांनी केले तर आभार सहायक प्रोफेसर राजेश लेहकपुरे यांनी मानले. उदघाटन समारोहाला रोठा गावातील नागरिक, उच्च प्राथमिक शाळेचे विद्यार्थी तथा राष्ट्रीय सेवा योजनेचे स्वयंसेवक मोठया संख्येने उपस्थित होते.

यावेळी विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय यांनीही संबोधित केले. ते म्हणाले की समाज आणि देशा प्रति उत्तरदायित्वाची भावना राष्ट्रीय सेवा योजनेच्या स्वयंसेवकांमध्ये निर्माण करण्यासाठी अशा प्रकारचे शिबिर महत्वाचे ठरते. यामुळे विद्यार्थ्यांमध्ये सेवाभाव जागृह होऊन त्यांना नवी दिशा मिळते. सात दिवसीय शिबिरा दरम्यान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा लोक जागरुकता निर्माण करण्यासाठी विविध उपक्रम हाती घेण्यात येणार आहेत, अशी माहिती संयोजक राजेश लेहकपुरे यांनी दिली. कार्यक्रमाच्या यशस्वीतेसाठी राजदीप राठोड, अश्विन श्रीवास, रोठा ग्राम पंचायतीचे श्री नगराळे यांनी सहकार्य केले.